७. मेरा छात्र जीवन

I. प्रश्न उत्तर

१. गाँधी जी का विवाह कब हुआ ?

उ. गाँधी जी जब हाईस्कूल मे पढ़ते थे, तब उनका विवाह हुआ । उनके बड़े भाई का भी विवाह गाँधी जी के विवाह के साथ - साथ हुआ था, वे गाँधी जी से एक दर्जा आगे थे । विवाह के कारण गाँधी जी और उनके भाई का एक साल बेकार हो गया । विद्यार्थी जीवन में विवाह करने से नवयुवको को बुरे परिणान भोगने पड़ते थे । इसका गाँधी जी को अनुभव हुआ था ।

२. गाँधी जी के लिये कौन सी बातें असह्य थी ?

उ. पढ़ाई में गाँधी जी अपने आपको बहुत तेज नही समझते थे । यदि उन्हें ईनाम या छात्रवृत्ति मिलती तो उन्हें आश्चर्य होता था । किन्तु उन्हें अपने आचरण का बडा ध्यान रहता था । सदाचार में यदि उनसे चूक होती तो उन्हें रोना आ जाता था । यदि महात्मा गाँधी जी से ऐसा कोई काम हो जाता, जिसके लिये शिक्षकों को उलाहना देना पड़ता तो यह उनके लिये असह्य हो जाता था ।

प्र.३. व्यायाम के व्यायाम संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए ?

उ. गाँधी जी ऊँचे दर्जे में पढ़ते थे तब दोराब जी एदुल गीमी उनके हेडमास्टर थे । वे विद्यार्थी प्रेमी थे । वे स्वयं नियमों का पालन करते और करवाते थे । वे विधि पूर्वक काम करते और लेते थे । उन्होंने ऊँचे दर्जे के विद्यार्थियों के लिये व्यायाम और क्रिकेट अनिवार्य कर दिया था । गाँधी जी का मन व्यायाम में नहीं लगता था । व्यायाम अनिवार्य करने से पहले भी गाँधी जी कसरत, क्रिकेट या फुटबाल खेलने कभी नहीं जाते थे । इसमें भाग न लेने का कारण उनका झेंपूपन था । व्यायाम के प्रति अरुचि का कारण पिताजी की सेवा सुश्रूषा करने की उनकी तीव्र इच्छा । स्कूल बन्द होते ही तुरन्त घर पहुँचकर वे पिता की सेवा मे जुट जाते थे । व्यायाम और क्रिकेट अनिवार्य कर दिया गया तो पिता की सेवा में विघ्न उपस्थित होने लगा । गाँधी जी ने हेड मास्टर से अनुरोध किया कि पिताजी की सेवा करने के लिये उन्हें व्यायाम से माफी मिलनी चाहिए । परन्तु हेडमास्टर ने उन्हें माफी नहीं दी । जब पिताजी की चिट्ठी हेडमास्टर को मिली कि " मैं अपनी सेवा सुश्रूषा के लिये स्कूल के बाद उसे अपने पास रखना चाहता हूँ । " तब गाँधी जी को व्यायाम से छुटकारा मिला ।

गाँधी जी ने बाद में महसूस किया कि कसरत में अरुचि उनकी भूल थी । वे समझ गये थे कि व्यायाम और शारीरिक शिक्षा के लिये भी पढ़ाई में उतना ही स्थान होना चाहिए. जितना मानसिक शिक्षा का है ।

I. वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१. परिणाम - नतीजा

बुरे कर्म का परिणाम बुरा होता है ।

२. चूक होना - गलती होना
अनजाने में रवि से चूक हो गई है उसे माफ करना चाहिए ।

३. फूट - फूट कर रोना - अधिक रोना
मार (चोट) लगने के कारण रमेश फूट - फूट कर रोने लगा ।

४. विघ्न - बाधा
महात्मा गाँधी ने बडी हिम्मत से विघ्नों का सामना किया ।

५. उलाहना - शिकायत
काम करने पर भी मालिक मुझे उलाहना देता है ।

II. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

१. विवाह का परिणाम यह हुआ कि हम दोनों भाइयों का ———————— साल बेकार हुआ ।
उ. एक

२. मुझे याद है कि मैं एक बार ———————— गया था ।
उ. पीटा

३. अंत को ———————— से छुट्टी मिल गयी ।
उ. व्यायाम

III. व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है

१. उनमें न जाने का एक कारण मेरा झेंपूपन था ।
उ. सर्वनाम

२. मेरा अध्ययन चलता रहा ।
उ. क्रिया

३. मैं अपने को योग्य नहीं समझता था ।
उ. विशेषण

IV. संधि विच्छेद कीजिए ।

१.	विद्यालय	=	विद्या	+	आलय
२.	परमात्मा	=	पर	+	आत्मा
३.	विद्याध्ययन	=	विद्या	+	अध्ययन
४.	अत्यंत	=	अति	+	अंत
५.	विद्यार्थी	=	विद्या	+	अर्थी

V. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	परमात्मा	X	दूरात्मा	५.	प्रिय	X	अप्रिय
२.	आकाश	X	पाताल	६.	अनुपस्थित	X	उपस्थित
३.	बुरा	X	भला	७.	जीवन	X	मरण
४.	दंड	X	क्षमा	८.	अंत	X	आरंभ

VI. पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

१.	शिक्षक	-	अध्यापक,	आचार्य
२.	परिणाम	-	नतीजा,	फल
३.	पिता	-	जनक, बाप / तात	
४.	अध्ययन	-	पढ़ाई,	शिक्षा
५.	अनिवार्य	-	जरूरी,	आवश्यक

VII. सही क्रम मेंउत्तर लिखिए ।

१. छुट्टी अन्त में व्यायाम से गयी मिल ।
उ. अन्त में व्यायाम से छुट्टी मिल गयी ।

२. विवाह विद्यालय पश्चात के नही सका जा ।

उ. विवाह के पश्चात विद्यालय नही जा सका ।

३. नही मैं अपने बहुत योग्य समझता को था ।

उ. मैं अपने को बहुत योग्य नहीं समझता था ।

VIII. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. गाँधी जी का विवाह कब हुआ ?

उ. हाई स्कूल में पढ़ते समय ।

२. गाँधी जी हाई स्कूल में क्या नहीं माने जाते थे ?

उ. मूर्ख

३. गाँधी जी को क्या मिलने पर आश्चर्य होता था ?

उ. ईनाम या छात्रवृत्ति ।

४. गाँधी जी को किसका बडा ख्याल रहता था ?

उ. आचरण का ।

५. गाँधी जी के कितने भाई थे ?

उ. दो

६. गाँधी जी कब पीटे गये ?

उ. पहली या दूसरी कक्षा में ।

७. गाँधी जी को दण्ड का पत्र समझे जाने पर उन्होंने क्या किया ?

उ. फूट - फूट कर रोने लगे ।

८. हेड मास्टर का नाम क्या था ?

उ. दोराब जी एदल गीमी

९. हेड मास्टर किसका पालन करवाते थे ?

उ. अनुशासन

१०. ऊँचे दर्जे के विद्यार्थियों के लिए क्या अनिवार्य कर दिया ?
उ. क्रिकेट और व्यायाम

११. झेंपूपन का अर्थ क्या है ?
उ. शर्माहट

१२. कसरत के प्रति गाँधी जी की अरुचि का दूसरा कारण क्या था ?
उ. पिताजी की सेवा सुश्रूषा ।

१३. गाँधी जी के पास क्या नहीं थी ?
उ. घड़ी

१४. व्यायाम और खेल के लिए कितने बजे जाना था ?
उ. चार बजे

१५. गाँधी जी को किस बात का दु:ख हुआ ?
उ. झूठा समझे जाने का ।

१६. व्यायाम से गाँधी जी को कैसे छुटकारा मिला ?
उ. पिता के पत्र द्वारा ।

१७. आकाश में क्या छाये रहे ?
उ. बादल

१८. सच कहने वाले कैसे रहना चाहिए ।
उ. सावधान

१९. " मेरा छात्र जीवन " पाठ के लेखक कौन है ?
उ. महात्मा गाँधी ।

२०. "मेरा छात्र जीवन " कैसा पाठ है ?
उ. आत्मकथा

***